हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 26 फरवरी 2025

14 पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त किसानों...



14 संयुक्त छात्रावास दिवस एक मार्च को,...





# 60 साल बाद इस बार महाशिवरात्रि पर बन रहा तीन ग्रहों का विशेष योग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

महाशिवरात्रि पर इस बार 60 वर्ष बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है। जिसमें तीन ग्रहों की युति बन रही है। वहीं विशेष ग्रह योग जैसे त्रिग्रही योग और बुधादित्य योग बनेंगे। ऐसा योग अंतिम बार 1965 में देखा गया था। इस योग में शिव साधना करने वालों को मनोवांछित फल मिलेगा। जानकारों ने बताया कि इस वर्ष 1965 के बाद यह दूसरा मौका है, जब महाशिवरात्रि 26 फरवरी को धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और मकर राशि के चंद्रमा की उपस्थिति में आ रही है। इस दिन चार प्रहर की साधना से शिव की कृपा प्राप्त होगी। यह एक विशिष्ठ संयोग है, जो लगभग एक शताब्दी में एक बार बनता है। वर्ष 1965 में जब महाशिवरात्रि का पर्व आया था तब सूर्य, बुध और शनि कुंभ राशि में गोचर कर रहे थे।

- त्रिग्रही और बुधादित्य योग बनेंगे

## शिव साधना करने वालों को मिलेगा मनोवांछित फल



### रात्रि में पूजन का है विधान

महाशिवरात्रि में रात्रि के पूजन का विधान है, इसलिए बुधवार को रात में महादेव का पूजन किया जाएगा। सुबह छह बजकर 47 मिनट से सुबह नौ बजकर 42 मिनट तक जल चढ़ाया जा सकता है। इसके बाद मध्यान्ह काल में भी 11 बजकर 6 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक जल चढ़ाया जा सकता है। दोपहर तीन बजकर 25 मिनट से शाम छह बजकर आठ मिनट तक भी जलाभिषेक किया जा सकता है। आखिरी मुहूर्त रात में आठ बजकर 54 मिनट पर शुरू होगा।

### 11 बजकर आठ मिनट पर शुरू हो जाएगी चतुर्दशी

पौराणिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। महाशिवरात्रि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि बुधवार को दिन में 11 बजकर आठ मिनट से शुरू होकर गुरुवार को सुबह आठ बजकर 54 मिनट तक रहेगी।

## घटना : कांकेर बायपास में मंगलवार को हुआ हादसा, कार चालक की लापरवाही उजागर

# कोड़ेजुंगा चौक पर कार ने बाइक को मारी ठोकर दोपहिया में लगी आग, चालक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर







कांकेर बायपास में कोड़ेजुंगा चौक पर मंगलवार 25 फरवरी की दोपहर 2 बजे के आसपास रायपुर से कांकेर आ रही कार ने मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसमें मोटर सायकल चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं मोटर सायकल में आग लग गई। मोटर सायकल जलकर खाक हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर यातायात पुलिस पहुँची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया।

- यातायात पुलिस ने मृतक को अपने वाहन से पहुँचाया अस्पताल, कराया पीएम

जानकारी के अनुसार मोटर सायकल क्रमांक सीजी 17 केएस 3208 में सवार होकर मोटर सायकल चालक प्रीतराम कोर्राम पिता रामसिंह कोर्राम निवासी निलेगोंदी पोस्ट उसेली थाना आमाबेड़ा 25 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे के आसपास शीतलापारा से कोड़ेजुंगा चौक की ओर जा रहा था, उसी समय कार क्रमांक सीजी 07 बीसी 9999 का चालक नईन खान कार को बहुत तेजी से चलाते हुए लापरवाही बरतते हुए मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिसमें मोटर सायकल चालक सड़क किनारे गिर गया और मोटर सायकल में आग लग गई। मोटर सायकल में आग लगने से पूरी मोटर सायकल जलकर खाक हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर तत्काल पेट्रोलिंग टीम पहुँची और मोटर सायकल चालक को अपने ही वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुँचे। चिकित्सकों ने जाँच किया और मोटर सायकल चालक को मृत बताया। पेट्रोलिंग टीम ने घटना के बारे में उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया। कार में सवार चालक और उसके रिश्तेदार को कोई चोट नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि कार चालक बेमेतरा जिले के परपोढ़ी निवासी है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दिया गया। समाचार लिखे जाने तक वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज नहीं हो पाया। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। मृतक शीतलापारा की ओर से किधर किस काम से जा रहा था, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। परिजनों से मृतक के बारे में जानकारी मिलने पर विस्तृत जानकारी का खुलासा तभी हो पाएगा।

### परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा

कोतवाली पुलिस ने बताया कि मृतक का शव अस्पताल में रखा गया है। परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा बनाया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी और चार्जशीट कोर्ट में पेश की जाएगी। मामले में जांच जारी है।

### चौक पर सिग्नल लगाने की हो रही मांग

कोडेजुंगा चौक पर लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने यातायात पुलिस की तैनाती और सिग्नल लगाने की मांग किया है। स्थानीय लोगों का कहना था कि इसके पहले हुए हादसों के समय यह माँग कई बार की जा चुकी है, परंतु हमारी माँग पूरी अभी तक नही हो पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसों पर विराम लगे, इसलिए यह माँग पूरी करना बहुत जरूरी है। कोड़ेजुंगा चौक अब हादसे का चौक कहलाने लगा है।

## पंचायत चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी ने रंग लगाने बढ़ाया हाथ, आरोपियों ने कर दिया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पखांजुर क्षेत्र में पंचायत चुनाव के बाद जुलुस निकाले के दौरान विवाद होने का यह दूसरा मामला सामने आया है। पीव्ही 3 रामनगर में आरोपियों ने हथियार से पीड़ित के ऊपर जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया और घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, नही तो गंभीर हादसा हो सकता था।



थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 1 रामनगर निवासी गोलदार पिता कृष्णपद गोलदार ने पुलिस को बताया कि भतीजा जयपद गोलदार पंचायत देवपुर के चुनाव को जीतकर 24 फरवरी को प्रत्याशियों के साथ विजय जुलूस पीव्ही 3 ग्राम में रैली निकाले थे। उसी दौरान पीव्ही 3 निवासी मृनाल राय पिता देवदास राय एवं साहेब राय पिता जयदेव राय दोनों अपने घर के सामने खड़े थे।

जयपद गोलदार ने रंग लगाने के लिए हाथ बढ़ाया, तभी मेरे भतीजे का हाथ साहेब राय ने पकड़ लिया और मृनाल राय ने धारदार हथियार से मेरे भतीजे के ऊपर लगातार दो बार जानलेवा सिर पर हमला कर दिया, जिसके बाद सभी बीच बचाव कर उसे वहां से लेकर अस्पताल में भर्ती किए। समय पर बीच बचाव नहीं होता तो जयपद गोलदार की जान जा सकती थी। हमला के दौरान मृनाल राय व साहेब राय ने गाली करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। आरोपियों के इस घटना से गाँव में तनाव का माहौल बना हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पति-पत्नी ने पड़ोसी को दी जान से मारने की धमकी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम ठेलकाबोड़ में रास्ता देने की बात को लेकर पति-पत्नी ने मिलकर अपने पड़ोसी को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित द्वारा बनाए गए बांस के बाड़ा को तोड़ फोड़कर नुकसान पहुंचाया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे छोटेपारा ठेलकाबोड़ निवासी 31 वर्षीय कैलाश नेताम पिता स्व. सुखराम नेताम ने पुलिस को बताया कि कपड़ा बेचने का काम करता हूं। मेरे पड़ोस मे किरण सिन्हा अपने परिवार के साथ निवास करती है। मै अपने घर में 24 फरवरी को था, तभी किरण सिन्हा हमारे घर आई और बोली कि हमें रास्ता चाहिए। मेरे द्वारा रास्ता देने से मना किया तो मेरी बात को सुनकर किरण सिन्हा का पति हीरामन सिन्हा आया और दोनो पति-पत्नि आक्रोशित होकर गाली देने लगे। मेरे ▸▸| शेष पेज 12 पर

- ठेलकाबोड़ में रास्ता को लेकर विवाद



## जेसीबी एजेंट ने दिनदहाड़े बुजुर्ग किसान से लूटे सात लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र से दिनदहाड़े लाखों की लूट का मामला सामने आया है। जेसीबी वाहन के एजेंट ने किसान से खेती मरम्मत के लिए जेसीबी वाहन को लाया था। खेती मरम्मत कार्य के लिए पैसे निकालने के बाद एजेंट ने किसान के पास रखे नकद 7 लाख रुपए लूटकर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम झलियामारी हाल निवासी भानुप्रतापुर उम्र 64 वर्षीय चिंताराम मरकाम पिता कानसाय मरकाम ने पुलिस को बताया कि 17 फरवरी को मेरे घर झलियामारी में दो व्यक्ति आए, जो मध्यप्रदेश भोपाल का रहने वाला और जेसीबी से किराए में काम कराने वाला बताए। मुझे बोले कि खेती काम कराना चाहते हो क्या, तब बोला कराना तो है। उसके बाद 22 फरवरी को को एक व्यक्ति जेसीबी को चलाते हुए मेरे घर लाया। कुछ समय बाद मोटर सायकल से दोनों व्यक्ति जिनसे मेरा बात हुआ था, वे लोग भी आए। जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएम 9568 था। जेसीबी ड्रायवर को नाम व मालिक का नाम पूछा। ड्रायवर ने अपना नाम मनोज प्रधान व मालिक ▸▸| शेष पेज 12 पर




- लूटेरों की तलाश में जुटी पुलिस

## अज्ञात वाहन चालक पर दर्ज हुआ अपराध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 लखनपुरी के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों को गंभीर चोट आई थी, जिसमें एक युवक की मौत हो गया था। मृतक के भाई ने चारामा थाना में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

- एनएच 30 में हुए हादसे में एक मौत का मामले

थाना में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के हटकेसर निवासी 38 वर्षीय देवेन्द्र निर्मल पिता भुवन निर्मल ने पुलिस को बताया कि मेरा बडा भाई नागेश्वर निर्मल विश्रामपुरी में प्रोग्रामर का काम करने एक सप्ताह पूर्व विश्रामपुरी मोटर सायकल सीजी 05 एसी 5490 को स्वयं चलाते हुए गया था। काम खत्म होने के बाद 24 फरवरी को अपने साथ रखे समान सहित मोटर सायकल चलाते हुआ आ रहा था, तभी मुजगहन निवासी लोकेश्वर साहू पिता तुलाराम साहू रास्ते में मिलने पर उसे भी अपने मोटर सायकल के पीछे बिठाकर वापिस धमतरी की ओर आ रहे थे। शाम करीबन 5 बजें राष्ट्रीय राजमार्ग 30 लखनपुरी के पास उसकी मोटर सायकल को अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे नागेश निर्मल व लोकेश्वर साहू मोटर सायकल सहित जमीन पर गिर गए। जमीन में गिरने से नागेश्वर निर्मल के सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में अंदरूनी चोट लगने एवं लोकेश्वर साहू के दोनों पैर में चोट आई थी। दोनों को 108 एम्बुलेंश से ईलाज के लिए सीएचसी ▸▸| शेष पेज 12 पर




## बीएसएफ के अफसरों ने युवाओं को मेहनत से प्रशिक्षण लेने किया प्रेरित

# बीएसएफ संवेदनशील क्षेत्र के युवकों को नौकरी के लिए बना रहे दक्ष, 5 सप्ताह कराएंगे तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/दुर्गूकोंदल

बीएसएफ की 129 वीं वहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सीओबी रावघाट में संवेदनशील क्षेत्र के युवाओं को नौकरी के लिए प्रशिक्षण देकर दक्ष बना रहे, जिससे जो मुकाम चाह रहे है, वो हासिल कर सके। चयनित युवाओं का प्रशिक्षण कम से कम 5 सप्ताह तक चलेगा। आयोजित प्रशिक्षण की शुरूआत करते हुए द्वितीय कमान अधिकारी राजपाल सिंह ने कहा कि आप सभी पूरी निष्ठा, मेहनत व लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करे, यह आपके के लिए एक सुनहरा अवसर है। आपको शारीरिक तथा शैक्षणिक दोनों तरह की प्रशिक्षण दिया जाएगा व आपको शारीरिक व मानसिक रूप से सदृढ़ बनाया जाएगा, जो आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में काफी लाभदायक होगा। हम आशा करते हे कि आप सभी कठोर मेहनत और सच्ची लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करके भविष्य में अपने लक्ष्यों को पूरा करेंगे। वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट ने प्रशिक्षण में शामिल होने वाले अतिसंवेदनशील क्षेत्र के युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होने बताया कि आसपास के गांवों से कुल 89 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपना चयनपूर्व प्रशिक्षण के लिए नामांकन करवाया। सभी अभ्यार्थियों को वाहिनी की ओर से टी-शर्ट, ट्रैक पैंट, कॉपी, किताब व अन्य पठन-पाठन की सामग्री वितरित किया गया। वाहिनी के क्षेत्र के इच्छुक छात्र- छात्राओं के लिए चयनपूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जो अगले 5 सप्ताह तक चलाया जाएगा। बीएसएफ द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे उपस्थित सभी छात्र छात्राओं मे काफी उत्साह दिखाई दिया और आसपास के क्षेत्र में 129 वी वहिनी की इस कार्यशैली की सराहना किया गया।

इस मौके पर रूपेश कुमार, दिगम्बर चौहान, सुधीर द्विवेद्वी, उप कमांडेंट, शीतल नावों, वीर सिंह गावड़े, अनूप श्रीवास्तव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

- छात्र- छात्राओं में दिख रहा उत्साह



## खबर संक्षेप

### हाटकोंदल में नव निर्वाचित सरपंच व पंचों ने निकाली विजयी रैली



**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत हाटकोंदल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर हरिषा मंडावी ने जीत हासिल किया। पंचायत चुनाव में जीत का परिणाम आने और प्रमाण पत्र मिलने के बाद ग्राम पंचायत हाटकोंदल में निर्वाचित सरपंच ने गांव और आश्रित ग्राम में विजस रैली निकाली। गांव में नए सरपंच का जगह-जगह स्वागत किया एवं रैली निकाल मतदाताओं का आभार जताया। सरपंच हरिषा मंडावी ने सुविधाओं पर जोर देने की बात कही एवं शासन के विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण स्तर गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करने की बात कही गई।

### नवनिर्वाचित सरपंच व समर्थको ने निकाला विजय जुलुस



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल के नवनिर्वाचित सरपंच ने 526 मतों की अंतर से जीत दर्ज किया, जिसका मंगलवार को विजय जुलूस समर्थकों के साथ निकाला गया। नवनिर्वाचित सरपंच शकुंतला नरेटी के समर्थकों ने डीजे डांस के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए जश्न मनाया। समर्थकों ने पटाखे फोड़कर अतिशबाजी किया। उन्हें कुल 744 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी को 526 मतों के अंतर से जीत दर्ज किया है।

### बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कोड़ेजुंगा पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 27 पी 3609 का चालक वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक को गंभीर चोट आने की वजह से मौत हुई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नवजात की अज्ञात कारणों से मौत

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र ग्राम डोकला निवासी गणेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी कि रात को 12 बजे मेरी लड़की का तबीयत खराब होने के कारण उसे चारामा अस्पताल में भर्ती किए, वहां पर उसने नवजात शिशु लड़का को जन्म दिया। कुछ समय पश्चात नवजात शिशु का अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जिला साहू समाज की बैठक 9 को

**कांकेर।** जिला साहू समाज की बैठक 9 मार्च को साहू सदन में आयोजित की जाएगी। इसमें कर्मा जयंती की तैयारियों सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दे को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में कर्मा जयंती को लेकर समाज के पदाधिकारियों साथ रणनीति तैयारी की जाएगी। यह जानकारी जिला साहू समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू ने दी।

### इमली मोड़ का मेला 27 से

**दुर्गूकोंदल।** महाशिवरात्रि महापर्व पर लयोर महादेव इमली मोड में दो दिवसीय मेला 27 एवं 28 फरवरी को मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में सूरज की किरण लोक कला मंच नाच पार्टी धमदीटोला बाजार जिला गोदिया की प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### राजस्व न्यायालय और प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को शामिल करने पर हुई चर्चा

**कोण्डागांव।** जिला न्यायालय परिसर में आज अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्ष उत्तरा कुमार कश्यप ने की। बैठक में विचाराधीन बंदियों के मामलों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से उन बंदियों पर चर्चा हुई जो जमानत की शर्तों को पूरा करने में असमर्थ होने के कारण, जमानत मिलने के बावजूद हिरासत में हैं। इसके अतिरिक्त आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व न्यायालय के प्रकरण एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को शामिल करने पर विचार किया गया। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए खंडपीठ अधिकारियों की नियुक्ति पर भी चर्चा हुई। बैठक में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं 2018 के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। साथ ही समय पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस बैठक के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने और बंदियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों को बल मिला है। इस अवसर पर कलेक्टर कोण्डागांव, कुणाल दुदावत पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, वाय अक्षय कुमारय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, श्रीमती मनीषा ठाकुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कु. गायत्री साय उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के प्रकरण में वारिसों को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की है। कलेक्टर द्वारा धनोरा तहसील के ग्राम करमरी निवासी सुनीता की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता मनीषा, पिता सन्नूराम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### इंद्रावती नदी सुखने से किसान परेशान : पूरन

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत बड़े चकवा युवा पंच पूरन सिंह कश्यप ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इंद्रावती नदी में पानी सुख रही हैं। शासन तथा प्रशासन इसके लिए कोई पहल नहीं कर रही है, बल्कि प्रशासन तथा शासन रेत माफिया के साथ मिलकर इंद्रावती नदी को सूखने का कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के किसानों की हजारों एकड़ में लगाई गई फसल सुखकर बर्बाद हो रही है। नदी के सूख जाने से किसान परेशान क्षेत्र से होकर गुजर रही इंद्रावती नदी के सूखने से तटवर्ती गांवों के किसानों को मक्का, गेहूं एवं अन्य फसल बचाना मुश्किल हो गया है।

# कन्या विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर, छात्राओं को मिली कानूनी जानकारी

## लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 आदि के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- नियमों के पालन से सुरक्षा होती है सुनिश्चित

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में आज विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को उनके अधिकारों और कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। शिविर का आयोजन उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव के मार्गदर्शन में किया गया। कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश और सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता, प्रबंध कार्यालय, कोण्डागांव ने छात्राओं को सरल भाषा में कानून की जानकारी दी। शिविर में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, साइबर अपराध, मोबाइल के सही उपयोग और यातायात नियमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। छात्राओं को बताया गया कि नियमों का पालन न केवल अनुशासन लाता है, बल्कि सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती सी.के. कोर्राम, चंद्रशेखर ठाकुर, मुकुंद देहारी, पारेश्वर देवांगन, लोकेश यादव अधिकार मित्र सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। विद्यालय प्रशासन और छात्रओं ने इस शिविर को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके भविष्य के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा।

## समस्या: जिला सहकारी बैंक में पैसा नहीं मिलने से नाराज है किसान

# नेशनल हाईवे 30 में किसानों ने किया चक्का जाम, राशि नहीं मिलने से हुए आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- एसडीओपी और नायब तहसीलदार की समझाइश के बाद माने किसान

नेशनल हाईवे 30 फरसगांव के अस्पताल चौक पर मंगलवार को करीब 1.30 बजे किसानों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों वाहनों की कतार लग गई है। किसानों को फरसगांव के जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक में पैसा नहीं मिलने से नाराज होकर किसानों ने एनएच चक्काजाम कर दिया।

किसानों का कहना है कि उन्हें उनका खुद का पैसा नहीं मिल पा रहा है। सुबह किसानों की विड्रॉल बांटा गया और प्रति किसान को 20 हजार रुपए देने की बात कही गई। लेकिन 1 बजे के बाद किसानों को 5000 रुपए देने की बात कही गई, फिर पैसा नहीं है बोल दिया, जिससे किसान नाराज होकर नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर दिए। किसानों का कहना है कि अभी शादी ब्याह का सीजन है ऐसे में कई किसानों के घरों और परिवार में शादी चल रहा है और उन्हें पैसों की बहुत जरूरत है। किसानों को उनका ही पैसा नहीं मिल पा रहा है। बैंक के कर्मचारियों द्वारा मात्र 5000 का विड्रॉल भरने को कहने पर किसान नाराज है। नेशनल हाईवे चक्काजाम की खबर लगाते ही फरसगांव थाना प्रभारी तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर उन्हें सड़क से हटवाया गया। जिसके बाद पहले की तरह वाहनों की आवागमन शुरू हो पाया।






### अफसरों ने किसानों व बैकों अफसरों से की चर्चा

*वही सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार निधि नेताम और फरसगांव एसडीओपी अभिनव उपाध्याय भी बैंक में पहुंचकर किसानों और बैंक कर्मचारियों से चर्चा कर समझाइश दिए। बैंक में होनी वाली समस्या पर चर्चा की है ताकि किसानों को आसानी से पैसा मिल सके। वही बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व का अवकाश रहेगा जिसके कारण सभी किसानों को विड्रॉल जमा करवाकर दिया गया है और उनको गुरुवार को किसानों को पैसा दिया जाएगा ऐसा बैंक में किसानों को आश्वाशन दिया गया जिसके बाद किसान शांत हुए।*

# पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- शिकायत के 24 घंटे के भीतर आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

थाना अनंतपुर पुलिस ने पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले पति बनसिंग उर्फ बंशीराम पोयाम को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को रात लगभग 8 बजे बनसिंग उर्फ बंशीराम पोयाम शराब पीकर घर आया। अपनी पत्नी गोंची बाई पोयाम से झगड़ा करने लगा। परिवार के सदस्यों ने बीच–बचाव किया, जिसके बाद बनसिंग घर से चला गया। रात करीब 11 बजे, गोंची बाई के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य उनके कमरे में पहुंचे। जहां उन्होंने बनसिंग को अपनी पत्नी पर टांगिया से हमला करते हुए पाया। घटना के बाद बनसिंग फरार हो गया। गोंची बाई को गंभीर चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल कोंडागांव ले जाया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर में आरोपी बनसिंग उर्फ बंशीराम पोयाम के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। अनंतपुर पुलिस की टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। 23 फरवरी को पुलिस ने आरोपी बनसिंग उर्फ बंशीराम पोयाम को ग्राम छोटे सोहंगा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया टांगिया भी बरामद कर लिया है। आरोपी को माननीय न्यायालय कोंडागांव में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

कार्रवाई करने वाली टीम में सउनि. डोमन लाल दीवान, प्र.आर. भावेश मण्डावी, आरक्षक लक्ष्मी बघेल, रामजी वट्टी, मनराज वट्टी, सोपसिंह मरकाम शामिल रहे जिन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आम आदमी पार्टी का जिला अध्यक्ष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- डॉक्टरों की एकता और पुलिस की तत्परता से पकड़ा गया

जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ अभद्रता और धमकी देने के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सुरजीत ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी डॉक्टरों की एकजुटता और विरोध प्रदर्शन के बाद संभव हो सकी। घटना 18 फरवरी 2025 की रात की है, जब डॉ. दीक्षा बघेल इमरजेंसी ड्यूटी पर थीं। रात 10 बजे उन्हें आईसीयू में भर्ती गंभीर सिर की चोट और हाइपोवोलमिक शॉक से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए बुलाया गया। उसी समय सुरजीत ठाकुर अपने बच्चे को दस्त की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे। चूंकि मामला आपातकालीन नहीं था, इसलिए डॉक्टर ने प्राथमिकता के आधार पर मरीजों को देखने की व्यवस्था की। इस पर सुरजीत ठाकुर आक्रोशित हो गए और जबरन आईसीयू के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए। उन्होंने महिला डॉक्टर के साथ गाली-गलौज की, धमकियाँ दीं और अपने राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए उन्हें ट्रांसफर करवाने, सस्पेंड करवाने और बाहर देख लेने जैसी बातें कहीं। यह पूरी घटना अस्पताल के आईसीयू, गलियारों और पुलिस हेल्प डेस्क के सामने हुई। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हो गया।



### फर्जी केस में फंसाया गया

अध्यक्ष बस्तर लोकसभा क्षेत्र आम आदमी पार्टी नरेन्द्र नाग ने कहा कि जिलाध्यक्ष में फर्जी केस में फंसाया गया है। जिलाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर अपने बच्चे को दस्त होने पर रात में हास्पिटल लेकर गए थे। उन पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवाया गया है। आम आदमी पार्टी इसकी कड़ी निन्दा करती है। स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के खिलाफ लगातार आवाज उठाने के कारण आज जिलाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर को टारगेट कर फर्जी केस बनाकर जेल भिजवाया गया है। मैदान पर उतर कर स्वास्थ्य विभाग व क्षेत्र के विधायक के खिलाफ कलेक्टर घेराव करके रहेंगे।

### डॉक्टरों के विरोध के बाद हुई गिरफ्तारी

इस घटना के बाद महिला डॉक्टर मानसिक रूप से इतनी आहत हो गईं कि वह ड्यूटी करने में असमर्थ महसूस कर रही थीं और खुद को असुरक्षित समझने लगीं। इससे अस्पताल के अन्य डॉक्टरों में भी भय का माहौल बन गया। डॉक्टरों ने इस घटना के विरोध में एकजुट होकर प्रशासन से आरोपी की गिरफ्तारी की माँग की। डॉक्टरों के इस सामूहिक विरोध और पुलिस प्रशासन की तत्परता के चलते आरोपी सुरजीत ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

### डॉक्टरों ने जताया संतोष, सुरक्षा के लिए उठाए जाएंगे और कदम

गिरफ्तारी के बाद डॉक्टरों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि भविष्य में चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर और भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। डॉक्टरों की एकता और प्रशासन की कार्रवाई से यह संदेश गया कि चिकित्सकीय सेवाओं में बाधा डालने और डॉक्टरों से दुर्व्यवहार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# जमीन दिए हैं इसलिए चाहते हैं नगरनार का हो सर्वांगीण विकास : सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिले की सबसे धनी ग्राम पंचायत की सरपंच बनी उमाकांतो बघेल
- पूर्व सरपंच रैनू बघेल ने बहु की जीत में की कड़ी मेहनत

स्टील प्लांट के लिए नगरनार समेत 13 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने जमीन देकर शासन-प्रशासन और एनएमडीसी का सहयोग किया है। नगरनार स्टील प्लांट में उत्पादन शुरू होने से करोड़ों की आमदनी हो रही है। लेकिन विडम्बना है कि स्टील प्लांट के कारण नगरनार ग्राम पंचायत का नाम देश-दुनिया तक पहुंचा किन्तु समस्याओं का अंबार है। एनएमडीसी को नगरनार ग्राम पंचायत को पूरे छत्तीसगढ़ का आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के लिए आर्थिक सहयोग देकर खुद का नाम भी रोशन करना चाहिए। ग्राम पंचायत नगरनार की नवनिर्वाचित सरपंच उमाकांतो बघेल ने हरिभूमि से चर्चा में यह बात कही। उनके साथ मौजूद रहे पूर्व सरपंच रैनू बघेल जिनकी वह बहु है उन्होंने जीत में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्टील प्लांट मुख्यालय होने से नगरनार का नाम सम्मान से लिया जाता है, लेकिन यहां की समस्या चाहे वह सड़क, पानी, बिजली की हो या फिर 6 हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायत के समुचित विकास की हो उसमें नगरनार काफी पीछे है। सरपंच जीताकर मुझे लोगों ने विकास का अवसर दिया है। मेरी एनएमडीसी से गुजारिश है कि वह नगरनार ग्राम पंचायत को मॉडल के रूप में पूरे प्रदेश और देश में स्थापित करे। उनके पास धन की कमी नहीं है, लेकिन नगरनार पंचायत में जो समस्याएं है उसको दूर करने के लिए उनका प्रयास ठीक नहीं है। जबकि 2000 में 303 और 2010 में 838 लोगों ने जमीन देकर स्टील प्लांट में योगदान दिया। यह जमीन ग्रामवासियों के पुरखों की जमीन है।





### केमिकल की बदबू से बीमार हो रहे बच्चे

सरपंच ने कहा कि गेट 3 के पास स्कूल लगती है। प्लांट के केमिकल के बदबू से बच्चे बीमार हो रहे हैं और ग्रामवासी भी परेशान है। इस पर भी तुरंत पहल की जानी चाहिए।

### काला पानी से फसल को नुकसान

प्लांट के भीतर से काला पानी आने से खड़ी फसल को हर साल नुकसान होता है, जिसमें किसानों को क्षतिपूर्ति नहीं मिलती। इस समस्या को भी कई बार उनके ध्यान में लाया गया। इस पर भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। सर्वे के लिए तहसीलदार और एनएमडीसी के कुछ अधिकारी आए थे और 10-12 किसानों का ही प्रकरण बनाकर चले गए। उन्हें भी मुआवजा नहीं मिला। जबकि काला पानी से फसल क्षति 100 से अधिक लोगों की हुई है। तत्काल प्रशासन और एनएमडीसी को गंदा पानी से नगरनार वासियों को राहत देनी चाहिए।

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

# बस्तर के जनजाति कला एवं सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने बस्तर पंडुम का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम के लिए चलाएं अभियान

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय–सीमा की बैठक में बस्तर संभाग में आयोजित होने वाले बस्तर पंडुम की तैयारी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा बस्तर के जनजाति कला एवं सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने के लिए बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनजाति लोक नृत्य, लोक गीत, लोक नाट्य, जनजाति वाद्ययंत्र, जनजाति पेय पदार्थ, शिल्प एवं चित्रकला, जनजाति आभूषण तथा जनजाति पर्व पर आधारित विधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बस्तर पंडुम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर, द्वितीय चरण में जिला स्तर पर और अंतिम चरण में संभाग स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।



### साफ- सफाई के कार्यों में लाएं तेजी

बैठक में स्वच्छता अभियान के तहत जिले के नगरीय निकायों में साफ–सफाई के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। साथ ही सभी एसडीएम को स्वच्छता अभियान के प्रगति की नियिमित मॉनिटरिंग करने को कहा। कलेक्टर ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने और उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता के लिए भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, ए डी एम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं डी आर ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### पति- पत्नी ने...

द्वारा बनाए हुए बांस के बाड़ा को तोड़ फोड़ करने लगे। तोड़ फोड़ करने से मना किया तो आरोपी हीरामन सिन्हा एंव किरण सिन्हा कहने लगे कि तुम कौन होते हो हम लोगो को रास्ता नही देने वाले, तुम लोगो को जान से मार देंगे बोलने लगे। तुम लोगों के घर में बुलडोजर चलवा दूंगा। तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते बोलकर धमकी देने लगे। पड़ोसी की पत्नी और उसके पति के इस व्यव्हार से हमें डर बना हुआ है कि इनके द्वारा हमारे खिलाफ कुछ भी अनहोनी कर सकते है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जेसीबी एजेंट ने...

का नाम अमोड़ा निवासी विजय कुमार नाहटा बताया। उसी दिन जेसीबी चालक ने खेती मरम्मत का कार्य प्रारंभ करना चालू कर दिया। दोनों एजेंट ने 23 फरवरी को 32 हजार 500 रुपए एडवांस में लिया। वे दोनो लोग मेरे भतीजा योगेश मरकाम के घर झलियामारी में ही रूके थे। अगले दिन 24 फरवरी को दोनो एजेंट सुबह मेरे घर आए और बोले पूरा खेती का मरम्मत करने के लिए और पैसा लगेगा। पैसा निकालने के लिए दोनो एजेंट के साथ उन्ही के मोटर सायकल में हम तीनो बैठकर भानुप्रतापपुर आए और दोपहर लगभग डेढ़ बजें एसबीआई भानुप्रतापपुर में सेल्फ चेक के माध्यम से 7 लाख रुपए नकद मेरे द्वारा निकाला गया। मेरे साथ पैसा निकालने बैंक के अंदर एक एजेंट भी गया था। राशि निकालकर तीनों मोटर साइकिल में बैठकर कांकेर रोड बसंतनगर गार्डन के पास आए, वहीं पर गाड़ी रोककर दोनो एजेंट बोले चलो हमारे साहब को पैसा देना है कहते हुए मेरे हाथ में रखे 7 लाख रुपए को लूट लिया। मुझे घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए डरा धमकाकर गाड़ी में बैठाकर ले जाकर ग्राम चौगेल दल्ली रोड नया पुलिया के पास छोड़कर भाग गए। उस समय लगभग दोपहर के 2 बज रहा था। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 309 (4), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात वाहन...

चारामा लेकर गए। अस्पताल के चिकित्सको ने बताया कि नागेश्वर निर्मल की मौत हो चुकी है। अज्ञात वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से नागेश्वर की मौत होने की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर होगी भगवान शिव की पूजा आज



**बस्तर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है। इसके लिए गांव-गांव में पुजारियों के द्वारा मंदिरों की रंगाई पोताई और सफाई का काम शुरू कर दिए गए हैं। बस्तर जिले के बस्तर ब्लॉक के ग्राम मधोता में ऐतिहासिक शिव मंदिर है जिसमें भी तैयारी जोरों पर है प्रतिवर्ष विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें उड़िया नाट उड़ीसा से लाया जाता है मंदिर सदस्यों ने मंदिर की रंगाई पोताई एवं साफ सफाई काम प्रारंभ कर दिए हैं महाशिवरात्रि पर यहां मेला का आयोजन किया जाता है। शिव मंदिर पुजारी जम्मू सिंह ठाकुर ने बताया कि यह शिव मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। और दूर-दूर से लोग यहां आकर माथा टेकते हैं। और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। इस मंदिर की महिमा दूर-दूर तक फैली हुई है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

### महाकुंभ, कैदियों ने जेल में किया गंगा स्नान

**सुकमा।** जिला जेल सुकमा में मंगलवार को सुबह प्रयागराज महाकुम्भ से मंगाये गये गंगा जल से कैदियों का सामूहिक स्नान करवाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जेल में बंद कैदियों ने पहली बार आध्यात्मिक स्नान का आनंद उठाया। सुकमा जेल में बंद कैदियों ने हर-हर गंगे की जप के साथ डुबकी लगाई। जिला जेल में दो दिन पहले प्रयागराज से पहुंचे गंगा जल को विधिवत पूजा-अर्चना कर जेल की चहार दीवारियों के भीतर लाया गया। कैदियों की भजन मण्डली ने जेल के मुख्य द्वार से गंगा जल को सुन्दरता से सजायी गई मटकियों में रख कर टंकियों और अन्य कैदियों तक पहुंचाया। महाकुंभ स्नान को लेकर जेल प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां कर रखी थीं। जेल अधीक्षक राजेश बिसेन ने बताया कि कैदियों के नहाने वाली टंकी को भी चारों तरफ से सजा लिया गया था। राज्य सरकार के साथ ही जेल प्रशासन ने अपनी ओर से गंगा जल की व्यवस्था कर रखी थी, जिससे कैदियों ने स्नान किया। किसी ने लोटे से स्नान किया तो कईयों ने टंकी में डुबकी लगाई।

### रोमांचक मुकाबले में 3 वोट से जीती दीपिका सुमित भदौरिया

# 25 साल का किला ढहा, जीत के 3 वोट भारी पड़े अवधेश गौतम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार





त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में जनपद क्षेत्र क्रमांक 2 पर चुनाव जबरदस्त रहा। यहां चुनाव कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम की पत्नी अवधेश पुष्पा गौतम और भाजपा के युवा नेता सुमित भदौरिया की पत्नी दीपिका सुमित भदौरिया के बीच हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में 20 साल से लगातार जनपद चुनाव जीतने वाले अवधेश गौतम को 3 वोटो की हार मिली।

■ 3 वोटों की जीत से बौखलाहट में रीकाउंटिंग की रहे थे कोशिश

इस चुनाव में अवधेश गौतम की राजनैतिक साख लगी थी। जिसकी वजह से उन्होंने धन,बल और छल तीनों का भरपूर चुनाव जीतने के लिये इस्तेमाल किया पर इस चुनाव में हड़मामुंडा, मैलेवाड़ा, हितावर और नकुलनार ग्राम पंचायत के मतदाताओं ने अवधेश गौतम के 25 सालों के कुशासन, भ्रष्टाचार, परिवारवाद के खिलाफ नाराजगी दीपिका सुमित भदौरिया की जीत की मुख्य वजह रही।

### इस तरह काउंटिंग में धड़कने बढ़ी

चारों ग्राम पंचायत में 8 मतदान केंद्र बने थे। मतगणना के समय पल पल परिणाम उतर चढ़ रहे थे। जिस पर बहुत से दिग्गज दंतेवाड़ा से राजधानी नजर टिका रखे थे। इस चुनाव में कुल मत 3468 मतदाताओं ने वोट किया। मतगणना में 155 वोट रिजेक्ट हो गये। जिसके कारण 3313 वैध मतों की गणना हुई। जिसमे से 1655 मत अवधेश पुष्पा गौतम को ब्लैकबोर्ड चुनाव चिन्ह पर पड़े तो वही दीपिका सुमित भदौरिया को 1658 मत बरगद छाप चुनाव चिन्ह पर मिले। नकुलनार, हड़मामुंडा, हितावर, पदरपारा के बूथ छोटी बड़ी बढ़त के साथ 258 वोट लीड मिली थी। जिसे अवधेश गौतम ने मैलेवाड़ा के दो बूथ एक पर 100 और दूसरे 79 और तीसरे पर 46 वोट की बढ़त बनाई पर तीनों पोलिंग की बढ़त में 255 वोट ही उनके खाते में आये। इस तरह से रोमांचक मुकाबले में 25 सालों का किला 3 वोट से ढह गया।

### परिणाम बदलने की थी साजिश

इस कम मतों के जीत के आंकड़े को बदलने के लिए अवधेश पुष्पा गौतम के हितावर कुंजामपारा में बैठे एजेंट शुभम गौतम ने पीठासीन अधिकारी पर जोर जबरदस्ती अभद्रता करते हुये बरगद छाप के 3 मतों को छिपाने की कोशिश की जिसे वे अंडर गारमेंट पर छिपा रहे थे। जिसे मतदानकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों ने बल पूर्वक निकाला। दरअसल यह सब अवधेश गौतम की राजनैतिक सीट को बचाने के प्रयास में ताकत झोंक रहे थे पर जनता ने अवधेश गौतम कांग्रेसी जिलाध्यक्ष को हराकर यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में मतदाता ही जीतता है।

### विजय जुलूस व जश्न

जीत के बाद देर रात आतिशबाजी और जीत का गुलाल उड़ता रहा, दूसरे दिन अपने युवा समर्थको के साथ एक भव्य जुलूस निकाला गया जो पूरे जनपद क्षेत्र में भ्रमण कर जनता का आभार व्यक्त किया गया। सुमित भदौरिया ने कहा जनता ने परिवर्तन किया है, हम सेवा करेंगे। ये जीत हर उस बड़े, बूढ़े, युवाओं को समर्पित करता हूँ जो भय, आतंक और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ा और अंत में सत्य की जीत हुई।

# भांसी के महादेव मंदिर में हुई शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

ग्राम भांसी में स्थित नवनिर्मित मनोकामेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा सोमवार को धूम-धाम से की गई। पूर्व में यह मंदिर जर्जर अवस्था में था, जिसका निर्माण शिव मंदिर मनोकामेश्वर महादेव समिति बनाकर समस्त भांसी ग्रामवासी, बचेली, किरंदुल, गीदम व समस्त दंतेवाड़ा जिला के श्रद्धालुओं के आर्थिक सहयोग एवं सार्थक प्रयास द्वारा इस कार्य को पूर्ण किया गया।

■ महाभंडारा में शिव भक्तों को भगवान शिव का प्रसाद मिला

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ में बालिकाओं तथा महिलाओं के कलश यात्रा निकाल कर ग्राम भ्रमण किया गया। इसके पश्चात शिव जी की प्राण-प्रतिष्ठा, पूजा-हवन एवं महाआरती संपन्न हुआ। महाभंडारा के द्वारा समस्त शिव भक्तों को भगवान शिव का प्रसाद प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में आईटीआई भांसी के प्राचार्य कमलेश साहू,भांसी के सरपंच मीरा भास्कर,गीदम से रमेश सुराना, बचेली के नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल सपरिवार सम्मिलित हुए। साथ ही भांसी, बचेली, किरंदुल, दंतेवाड़ा गीदम से गणमान्य नागरिक इस समारोह में उपस्थित रहे। भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा से सभी शिवभक्तों एवं ग्रामवासियों में काफी उत्साह है। मंदिर निर्माण समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंदिर निर्माण में काफी सहयोग प्रदान किया। मंदिर निर्माण समिति ने सभी शिवभक्तों का धन्यवाद ज्ञापित किया है जिन्होंने इस मंदिर निर्माण के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया है।

# कार्यकारी निदेशक प्रभाकर ने एनएसएल स्टील प्लांट नगरनार के प्रमुख का संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार



एमएनवीएस प्रभाकर कार्यकारी निदेशक ने एनएमडीसी स्टील लिमिटेड एनएसएल के एकीकृत स्टील प्लांट के प्रमुख का कार्यभार संभाला। उन्होंने पदभार ग्रहण करने पर कहा एनएसएल नगरनार की गतिशील टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस टीम ने अपने कमीशनिंग के बाद बहुत कम समय में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मैं स्टील प्लांट के सभी हितधारकों से आंतरिक और बाहरी दोनों समर्थन की आशा करता हूं ताकि हम सामूहिक रूप से इस स्टील प्लांट की न केवल बस्तर व छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के गौरव के रूप में पहचान गढ़ें । उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत के सबसे युवा स्टील प्लांट ने हॉट रोल्ड कॉइल्स एचआर कॉइल्स बाजार में अपनी विशिष्ठ जगह बनाई है और हॉट मेटल उत्पादन में 3 मिलियन टन आंकड़े के तरफ तेज़ी से बढ़ते हुए जल्द ही आर्थिक रूप से ब्रेक-ईवन करने के प्रयास में लगा है। एक अनुभवी टेक्नोक्रेट प्रभाकर बीटेक मेटलर्जी और मानव संसाधन एवं विपणन में एमबीए हैं। एनएमडीसी स्टील प्लांट की जिम्मेदारी संभालने से पहले वे सेल के राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सर्विसेस के पद पर पदस्थ थे। अपने 34 वर्ष से अधिक के सेवाकाल में उन्होंने आरएसपी में परिचालन के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों के प्रभारी रहे हैं, जिसमें उन्होंने संगठन के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। वह ब्लास्ट फर्नेस टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक रहे हैं और आरएसपी की ब्लास्ट फर्नेस नंबर 5 के स्थिरीकरण में भी उनकी विशेष भूमिका रही है। उसी तरह वह आरएसपी की डीकार्बोनाइजेशन पहल में अग्रणी रहे हैं। कच्चे माल के प्रबंधन और तैयार माल के परिवहन को सुचारू बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वह समन्वय नामक टीम के अग्रणी सदस्यों में से थे, जिसके माध्यम से आरएसपी में काम करने वाले ठेकेदारों के मुद्दों को हल करने में बड़ी मदद मिली। प्रभाकर की नगरनार स्थित एनएसएल के एकीकृत इस्पात संयंत्र के प्रमुख के रूप में नियुक्ति से इस नवोदित इस्पात संयंत्र के लिए अधिक स्थिरता और तीव्र विकास के युग की शुरुआत होने की उम्मीद है, क्योंकि उन्हें इस्पात उत्पादन के विभिन्न पहलुओं का व्यापक अनुभव है।

# श्रमदान से हुआ तार फेंसिंग बाउंड्रीवॉल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



विकासखंड दरभा की शासकीय उमावि छिन्दबहार में सहयोग व श्रमदान से वैकल्पिक बाउंड्रीवॉल का निर्माण तार फेंसिंग से किया गया। शाला में मात्र सामने की ओर बाउंड्रीवॉल बना हुआ है। पीछे और आजू बाजू नहीं बन पाया है। बाउंड्री वॉल के अभाव में शाला परिसर में गाय-बैल, बकरी घुस जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा शाला परिसर में गाय बैल चराते हैं।

शिक्षकों व बच्चों के द्वारा लगाए गए पौधों को गाय बकरी चर जाते हैं। बाउंड्री वॉल के नहीं होने तथा खुला रहने के कारण, शाला परिसर के अंदर असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता था। इस वजह से संस्था में अध्ययनरत बड़ी छात्राओं में असुरक्षित महसूस होती थी। व्याख्याता बुधराम कश्यप के पहल पर पालकों व अन्य लोगों को वैकल्पिक बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए अपनी-अपनी स्वेच्छा से सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। जिस पर कुछ लोगों ने सहर्ष सहयोग देने की सहमति जताई। महादेव कश्यप 500 सौ रुपए,शंकर कश्यप 500 सौ रुपए, प्रमोद कुमार यादव 1000 रुपए, खुद बुधराम कश्यप द्वारा 2000 रुपए,सोनधर कश्यप और मूलचंद सेठिया द्वारा पंचायत की ओर से 10000 रुपए तथा इसी तरह अन्य लोगों के द्वारा भी सहयोग किया गया। इस प्राप्त सहयोग राशि से सीमेंट की पोल आड़ावाल से लाया गया। एनएसएस एवं इको क्लब के सदस्यों के द्वारा पोल को सीमेंट,गिट्टी रेती से जाम किया गया। उसके बाद तोकापाल से तार फेंसिंग लाया गया। शनिवार को एनएसएस एवं इको क्लब के सदस्यों, शिक्षकों,स्कूली कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान कर तार फेंसिंग करके वैकल्पिक बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया। बुधराम कश्यप ने बताया कि इस वैकल्पिक बाउंड्री वॉल से शाला परिसर में रोपे गए पौधे सुरक्षित होंगे, खेल मैदान में गाय-बैलों को चराना रुक जाएगा, बेवजह शाला परिसर में लोगों का घूमना रुके जाएगा, संस्था में पढ़ रहीं छात्राओं की असुरक्षा को कुछ हद तक दूर करने जैसी समस्याओं से छुटकारा जरूर पाया जा सकता है।

### इन पंचायतों में इनका रहा दबदबा, सीपीआई पहले नंबर पर

# जीत हासिल किए जनप्रतिनिधियों को दिया गया तहसील कार्यालय में प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कोंटा ब्लॉक के 67 पंचायतों में राजनीतिक पार्टियों के समर्पित सरपंच पद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में सबसे ज्यादा सरपंच इस बार सीपीआई के निर्वाचित हुए है। भाजपा कांग्रेस सीपीआई तथा निर्दलीय निर्वाचित हुए। ग्राम सरकार के सरपंच के आंकड़े देखें जाए तो सीपीआई पहले नंबर पर दिखाई दे रही है। हरिभूमि द्वारा बटोरें जानकारी अनुसार कोंटा ब्लॉक के 67 पंचायतों में दो दर्जन से अधिक सीपीआई समर्पित सरपंच इस बार जीत कर आए है। वहीं दुसरे नंबर पर कांग्रेस दो दर्जन के आसपास सरपंच बना पाये है। तीसरे स्थान पर भाजपा एक दर्जन के आसपास सरपंच सीटों को ले पाई है। जहां से खेला आरंभ हुआ निर्दलीय प्रत्याशी एक दर्जन के आसपास सरपंच पद चुनाव जीत कर आए है । वहीं कोंटा विधानसभा के छह बार के विधायक कवासी लखमा का इस बार चुनाव में नही रहने का असर भी साफ तौर पर देखने को मिला।

### रिटर्निंग आफिसर ने दिया प्रमाण पत्र

आज तहसील कार्यालय कोंटा में रिटर्निंग आफिसर गिरिश निंबलकर व सहायक रिटर्निंग आफिसर नारथ मांझी ने नव निर्वाचित सरपंच जनपद सदस्य व वार्ड पंचों का प्रमाण पत्रों देना आरंभ कर दिया है । अपने अपने पंचायत व क्षेत्र निर्वाचित जनप्रतिनिधि तहसील कार्यालय पहूंच प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे हैं । वहीं आज जिन वार्डो में बराबर-बराबर मत प्राप्त किए अभ्यर्थी का आज तहसील कार्यालय में लॉटरी सिस्टम से नाम निकाल किस्टाराम रामाराम मराईगुड़ा ढ़ोण्डरा आरगट्टा कांकेरलंका के वार्ड पंचों के जीत की घोषणा की गई ।

### पहले भेजा जाता था हेलीकॉप्टर से, 18 परीक्षा केंद्रों के लिए परीक्षा सामग्री

# बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री सड़क मार्ग से पहुंची जगरगुंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा मार्च के प्रथम सप्ताह से आयोजित होने वाले वार्षिक परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण समन्वयक केंद्र स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा से 24 फरवरी को वितरण किया गया। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 15 संवेदनशील और तीन अति संवेदनशील केंद्र शामिल हैं। गोपनीय सामग्रियों को कुल 3 वाहनों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों के निकटतम पुलिस थानों-चौकियो के लिए रवाना किया। इस वर्ष अति संवेदन शील परीक्षा केंद्र जगरगुंडा जहां पिछले वर्षों तक सुरक्षा की दृष्टि से हेलीकाफ्टर के माध्यम से गोपनीय सामग्री भेजी जाती थी किंतु पहली बार परीक्षा केंद्र जगरगुंडा में सड़क मार्ग से बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री भेजी गई। सोमवार को सभी 18 परीक्षा केंद्रों में गोपनीय सामग्री केंद्र के निकटतम पुलिस थाना में जमा कर दी गई। इस वर्ष 2 नए परीक्षा केंद्र हाई स्कूल पाकेला और हाई स्कूल तालनार बनाए गए है।

सभी परीक्षा केंद्रों के लिए सोमवार को मिनी बस और चार पहिया वाहनों से गोपनीय सामग्री भेजी गई। गोपनीय सामग्री वितरण के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से आए अधिकारी मोहम्मद फिरोज, नारायण नेताम, जिला शिक्षा अधिकारी जी आर मंडावी, समन्वयक केंद्र प्राचार्य पी अनिल कुमार, सहायक परियोजना समन्वयक आशीष राम, समन्वयक केंद्र से जगदीश राव, समस्त केंद्राध्यक्ष उपस्थित थे।

# जिले में फाईलेरिया 102 मरीजों को देंगे सामूहिक दवा सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ स्वास्थ्य विभाग का राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 27 से

स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सामुहिक दवा सेवन कार्यक्रम 27 फरवरी से 13 मार्च तक किया जाएगा। इस दौरान बस्तर जिले में फाईलेरिया 102 मरीजों को सामुहिक दवा सेवन किया जाएगा। उक्त बातें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डॉ. सी मैत्री, डॉ. भवर शर्मा, डॉ. रीना, बसंत पंडा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही।

सीएमएचओ डॉ. बसाक ने बताया कि विकास खंड तोकापाल, बस्तर एवं बकावंड में 2 वर्ष से ऊपर समस्त व्यक्तियों को (गर्भवती महिला एवं गंभीर बिमारी से पीड़ित व्यक्ति को छोड़कर) 27 फरवरी से समस्त स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केन्द्रों में फाईलेरिया की दवाई खिलाई जाएगी। इसी दौरान 27 फरवरी से 2 मार्च तक बूथ लगाकर दवा सेवन, 3 मार्च से 10 मार्च तक 8 दिन घर-घर भ्रमण समुदाय स्तर पर दवा सेवन, 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिन मॉप अप राण्ड छूटे हुए लोगों को दवा सेवन एवं 13 मार्च तक 15 दिन एमडीए कार्नर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मेडिकल कॉलेज में ओपीडी के पास बूथ लगाकर दवा सेवन किया जाएगा।

### चोरी के जेवरात के साथ एमपी का आरोपी आंध्रा से गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सनसीटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी से जेवरात की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद किया है। आरोपी की तलाश में टीम आधंप्रदेश गई थी जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लाया गया। जानकारी के मुताबिक आरोपी द्वारा सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए 1.14 लाख रूपए के सोने चांदी के जेवरात व नगद चोरी किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थिया राधा ठाकुर ने बताया कि 17 अगस्त को वह अपने परिवार के साथ करंदोला भानुपरी गई थी कि रात्री 8 बजे इनके पड़ोसी ने बताया कि घर का दरवाजा कुंडी में लगा ताला टुट गया है जिसके बाद वह तत्काल घर पहुंची। घर में रखा आलमारी टुटा हुआ तथा सामान बिखरा हुआ मिला अज्ञात आरोपी ने लॉकर में रखा सोने एवं चांदी के जेवरात तथा नगद राशि पार कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा मामले की पड़ताल के बाद आरोपी इद्दा उर्फ इद्दा बघेल उर्फ इद्दा भानसिंग निवासी मध्यप्रदेश का पता तलाश किया गया। जिसे आंध्रप्रदेश के विजयनगरम से हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया।



खबर संक्षेप

## अवैध शराब बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गीदम।** जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में पुलिस को सफलता मिली है। 24 फरवरी को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान कारली वार्ड क्रं. 13 में अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री करने एवं निजी निवास में शराब पिलाने की सुविधा मुहैया करवाकर माहौल खराब करने की शिकायत मिली थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते विमला मण्डावी उम्र 35 वर्ष के कब्जे से देशी महुआ शराब 25 लीटर एवं बिक्री की रकम 500 एवं शराब पिलाने के बर्तन स्टील गिलास एवं मग को जप्त कर थाना गीदम में अपराध क्रमांक 16/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। कार्यवाही में उपनिरीक्षक शशिकांत यादव, सउनि नरेन्द्र भारती, भीखमचंद साहू , प्रआर राजकुमार सिंह, मप्रआर सुनैना पटेल, मडीएसएफ बदरी जुर्री की अहम भूमिका रही।

## हिंदू जागरण मंच का अभ्यास वर्ग आयोजित होगा 2 मार्च को

**जगदलपुर।** हिंदू जागरण मंच द्वारा कंगोली मार्ग पर स्थित शौण्डिक समाज भवन में जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग 2 मार्च को होगा। जिला संयोजक अमित सिंह चौधरी ने बताया कि प्रातः 8:30 से शाम 5:30 तक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## किरंदुल के पुराना थाना परिसर में रूद्राभिषेक होगा आज

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में पुराना थाना परिसर स्थित शिवमंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। बुधवार की सुबह 7 बजे से रूद्राभिषेक, हवन पूजन तथा गुरुवार को भजन और भंडारा में प्रसाद वितरण 12:30 बजे से किया जाएगा।

## कोंटा में जिला पंचायत की 4 सीट पर 3 पार्टी

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के कोंटा ब्लॉक में जिला पंचायत के 4 सीट पर 3 पार्टी के नेता चुने गए हैं। जगरगुण्डा में भाजपा, मिसमा में सीपीआई तथा मनीकोंटा और ढोंडरा में कांग्रेस को जीत मिली है।

## लिंगेश्वर महादेव में आज सुंदर कांड और कल होगा महाभंडारा

**जगदलपुर।** ग्राम रामपाल के लिंगेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर तीन दिन का धार्मिक कार्यक्रम चल रहा है। आज अखंड महामृत्युंजय मत्रजाप 12 घंटे का किया गया।

निधन

## सुखराम दुग्गा

**दुर्गूकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम डुवा स्कूलपारा के 52 वर्ष निवासी



सुखराम दुग्गा का निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमे ग्रामीण व रिश्तेदार शामिल हुए, वे लालचंद दुग्गा के पिता थे।

## आयोजन : किसानों की हर संभव मदद कर रही केंद्र सरकार

# पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त किसानों को मिली, खाते में 18.40 करोड़ रुपए हस्तांतरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग कांकेर के संयुक्त तत्वाघान में गत 24 फरवरी सोमवार को प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि के 19वीं किस्त का विमुक्तिकरण का सीधा प्रसारण सह कृषक संगोष्ठी का आयोजन लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले में लाभार्थी कृषकों की संख्या कुल 82395 है, जिनके खाते में 19 वें किस्त के रूप में 18.40 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑनलाइन हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में भागलपुर बिहार से प्रधानमंत्री उद्बोधन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा देश के लगभग 9.8 करोड़ पात्र किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे कृषकों के खाते में हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है तथा देश के किसानों का हर संभव मदद केन्द्र सरकार कर रही है, चाहे वह यूरिया, डीएपी, पोटाश में अनुदान की बात हो या खेती किसानी के लिए किसान को सम्मान निधि के रूप में आर्थिक सहयोग की बात हो या विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कुसुम योजना आदि के माध्यम से किसानों की आर्थिक रूप से सबल बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सभा में उपस्थित प्रगतिशील कृषकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही साथ विभिन्न कृषकों को ग्रीष्मकालीन दलहन एवं तिलहन के मिनीकिट भी वितरित किए। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंधन मण्डल के सदस्य, राष्ट्रीय बीज परियोजना के प्रधान वैज्ञानिक, कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता, सहित विभिन्न ग्रामों के लगभग 200 कृषक तथा कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कौशिल्या नेताम बनी सिंगारभाट की सरपंच, शिवभान चौथी बार बने वार्ड पंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर शहर से लगे ग्राम पंचायत सिंगारभाट के प्रतिष्ठा पूर्ण सरपंच चुनाव में कौशिल्या नेताम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंदू संतोष ठाकुर को 61 मत से पराजित कर विजय हासिल किया। 2500 मतदाता वाले ग्राम पंचायत सिंगारभाट में कुल 11 वार्ड हैं। कांकेर शहर से लगे होने के कारण सभी लोगों का ध्यान इस ग्राम पंचायत के चुनाव में था। इसी पंचायत के वार्ड क्रमांक 06 से शिवभान सिंह मुन्ना ठाकुर भी विजय हुए है, वे चौथी बार पंच निर्वाचित हुए है।

सिंगारभाट के कुल 11 वार्ड हैं एवं क्रमांक 06 से शिवभान सिंह के साथ इस वार्ड में 04 अन्य प्रत्याशी भी भाग्य आजमा रहे थे। ग्राम पंचायत सिंगारभाट के सरपंच चुनाव में कौशिल्या नेताम को 599 वोट मिले और इन्दु संतोष ठाकुर को 535 तथा अनिता नेताम को 345 वोट मिले थे। इस तरह कुल 61 मत से इन्दू संतोष ठाकुर को पराजित कर कौशिल्या नेताम सरपंच निर्वाचित हुई। निर्वाचन के पश्चात सरपंच सहित समस्त वार्ड पंचों ने विजयी जूलूस निकालकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। चुनाव में नव निर्वाचित सरपंच कौशिल्या नेताम गुरप के अधिकतम वार्ड पंचों ने जीत हासिल की है, जिससे इसी ग्रुप से उपसरपंच बनना भी तय माना जा रहा है। आगामी 8 मार्च को उपसरपंच का चुनाव होगा। जीत से उत्साहित सरपंच कौशिल्या नेताम ने कहा है कि उनके द्वारा गांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पूर्व के अधूरे काम पूरे करवाये जायेंगे तथा उनका यह प्रयास होगा कि सभी वार्ड पंचों के सहयोग से सिंगारभाट को एक आदर्श ग्राम पंचायत बनाते हुए जिले में विशेष स्थान प्राप्त हो।

## संयुक्त छात्रावास दिवस एक मार्च को, होंगे विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संयुक्त छात्रावास दिवस समारोह के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 1 मार्च शनिवार को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग, अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम, विशेष अतिथि पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम व अन्य उपस्थित रहेंगे।

नवीन पीएमटी बालक छात्रावास कांकेर में संयुक्त छात्रावास दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम करने के लिए डांस का फाइनल रिहर्सल कराया गया। इस अवसर पर अधीक्षक कमलेश्वर रामटेके, सीनियर्स राजेश मरकाम, रमेश नेताम, लक्ष्मण दीपक, विजय कुमार मरकाम, ज्योति कुंजाम, अरुण वट्टी, ममता मरकाम, कामनी नेताम, सुरेश नेताम, हरीश चंद्र गोयल, गमेश कुमार उइके, समीर कुमार नरेटी, रोशन नेताम, बिरेंद्र दर्रो, लिकेश जुर्री, भीष्म कांत जुर्री व सभी वरिष्ठ सीनियर्स व कनिष्ठ छात्रावासी उपस्थित रहें। फाइनल रिहर्सल के बाद सभी छात्रावासी को कार्यभार सौंपा गया।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए प्रत्याशियों को मिले वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिला पंचायत कांकेर में 13 जनपद सदस्य के लिए 52 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे, जिसमें से 13 ने जीत हासिल किया। सबसे ज्यादा वोट से जीतने वाली में क्षेत्र क्रमांक 01 की प्रत्याशी है, वहीं सबसे कम वोट से जीतने वाले में क्षेत्र क्रमांक के प्रत्याशी है।

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—01

| | | |
|---|---|---|
| मृदुला भास्कर | - | 21742 |
| सुमित्रा मारकोले | - | 7722 |
| जीत का अंतर | - | 14020 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—02

| | | |
|---|---|---|
| अनुसुइया सोनवानी | - | 5781 |
| अर्चना नागवंशी | - | 1580 |
| दुर्गा नायक | - | 4491 |
| कुंती नाग | - | 5241 |
| मंजू बारले | - | 2238 |
| रेशमा केशरी | - | 2349 |
| शांति बाई बघेल | - | 949 |
| सुलोचना मेश्राम | - | 7136 |
| तरूणा संतोष टांडिया | - | 837 |
| जीत का अंतर | - | 1355 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—03

| | | |
|---|---|---|
| हेमलाल मरकाम | - | 7835 |
| संजू लता नेताम | - | 11690 |
| तारा ठाकुर | - | 13409 |
| जीत का अंतर | - | 1719 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—04

| | | |
|---|---|---|
| अन्नपूर्णा ठाकुर | - | 7441 |
| चंद्रवती नेताम | - | 6589 |
| पुष्पा मण्डावी | - | 7708 |
| सावित्री वट्टी | - | 9358 |
| जीत का अंतर | - | 1650 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—05

| | | |
|---|---|---|
| अनिता जैन | - | 1696 |
| मिथलेश शोरी | - | 12937 |
| तेजेश्वरी सिन्हा | - | 16456 |
| जीत का अंतर | - | 3519 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—06

| | | |
|---|---|---|
| किरण नरेटी | - | 11625 |
| कुन्ती मण्डावी | - | 1595 |
| मिथलेश साहू | - | 5985 |
| नवली मीना मंडावी | - | 8644 |
| राजमणी ठाकुर | - | 3642 |
| जीत का अंतर | - | 2981 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—07

| | | |
|---|---|---|
| हेमूबाई उयके | - | 2348 |
| झरना ध्रुव | - | 15432 |
| रामबाई गोटा | - | 12809 |
| जीत का अंतर | - | 2623 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—08

| | | |
|---|---|---|
| अरूण कल्लो | - | 1471 |
| चेतन मरकाम | - | 6268 |
| दामेश्वर दर्रो | - | 3719 |
| देवेंद्र टेकाम | - | 8974 |
| शोपा आंचला | - | 6666 |
| सोहनाला कोमरा | - | 3986 |
| सुकचंद मंडावी | - | 430 |
| जीत का अंतर | - | 2308 |



### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—09

| | | |
|---|---|---|
| अमिता उइके | - | 2137 |
| देवलाल नरेटी | - | 7648 |
| धनीराम ध्रुव | - | 2103 |
| जोहन गावड़े | - | 2542 |
| नागसाय तुलावी | - | 6856 |
| फूलसिंह शोरी | - | 1510 |
| राकेश कोमरे | - | 1571 |
| श्यामलाल नरेटी | - | 2310 |
| सुखेश्वरी मंडावी | - | 489 |
| जीत का अंतर | - | 792 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—10

| | | |
|---|---|---|
| बद्रीनाथ गावड़े | - | 7378 |
| गुप्तेश उसेंडी | - | 8452 |
| कृष्ण कुमार देहारी | - | 3608 |
| मुकेश कुमार गावड़े- | | 2237 |
| रामेश्वर मंडावी | - | 7459 |
| जीत का अंतर | - | 993 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—11

| | | |
|---|---|---|
| बसंती नेताम | - | 6992 |
| हेमलता कड़ियाम | - | 9353 |
| कामिनी उसेंडी | - | 10429 |
| जीत का अंतर | - | 1076 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—12

| | | |
|---|---|---|
| अजय शील | - | 4685 |
| मुकुल पाल | - | 9847 |
| निरंजन हालदार | - | 7846 |
| सुनीता मंडल | - | 10413 |
| जीत का अंतर | - | 566 |

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक—13

| | | |
|---|---|---|
| दिपांकर राय | - | 17481 |
| दिवाकर बैरागी | - | 955 |
| रतन राय | - | 4737 |
| ऋषि कुमार पटेल | - | 9814 |
| विष्णु दे | - | 903 |
| जीत का अंतर | - | 7667 |

## कोयलीबेड़ा में नव निर्वाचित सरपंच व वार्ड पंच ने निकाला विजय जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोयलीबेड़ा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में ग्राम पंचायत सरपंच चुनाव में जीत का विजय जुलूस निकाला गया। कोयलीबेडा पंचायत में 20 वार्ड है एवं सरपंच पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में खड़े रहे, जिसमें दो भाजपा समर्थित रहे हैं। तीनों प्रत्याशीयों में जागेश्वर पुजारी को 572 वोट, हरीश उसेडी को 408 वोट और रतिराम दुगा को 280 को वोट मिले एवं 66 वोट खारिज हुए। विजय जुलूस नव निर्वाचित सरपंच जागेश्वर पुजारी के निवास से निकल गया, जिसमें नव निर्वाचित वार्ड पंच भी अपने-अपने वार्डों से निकलकर विजय जुलूस में शामिल होते गए। विजय जुलुस पूरे नगर के गली मोहल्ले में भ्रमण किया गया एवं जुलूस में आम जनता सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। नव निर्वाचित सरपंच जागेश्वर भाजपा समर्थित है एवं उन्होंने भाजपा के ही प्रत्याशी हरीश उसेंडी को 164 वोट से पराजित कर अपना स्थान बनाया है।

## बिना लायसेंस के मिले 10 यात्री बसों के कंडक्टर पर कार्रवाई

**जगदलपुर।** सड़कों में संचालित हो रही बसों में 95 फीसदी कंडक्टर्स बिना लाइसेंस के चल रहे हैं, कई को तो इसकी जानकारी तक नहीं है। परिवहन नियमों के अनुसार परमिट पर चलने वाली बसों में कंडक्टर के पास कंडक्टर लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस गाड़ी चलाने के लिए नहीं बल्कि कंडक्टरी का काम करने के लिए होता है। इसके बिना कोई भी बस में कंडक्टरी नहीं कर सकता। शहर अंतराज्यीय बस स्टेंड से परमिट लेकर दौड़ रहीं 350 बसों में इक्का-दुक्का ही बसें ऐसी हैं, जिनमें कंडक्टर के पास लाइसेंस है। परिवहन विभाग रायपुर के आयुक्त के निर्देश पर शहर के परिवहन विभाग के धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी मनोज कुमार ने बेरियर में जाने-आने वाले 10 यात्री बसों की जांच की। इसमें सभी 10 बसों के कंडक्टर के पास लायसेंस नहीं था।



## 12 वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शाउमावि हाटकोंदल के कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं को 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना पश्चात समस्त शिक्षकों को गुलाल वंदन लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात 12वीं के छात्र-छात्राओं को पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम रावटे एवं ग्राम के गणमान्य पालकगण उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कारवान भी होना आवश्यक है। संस्कारी बच्चे जीवन मे सुखमय जीवन जीने की कला में निपूर्ण होता है।

प्राचार्य टीएल जैन ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने की बात कही। 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने कनिष्ठ विद्यार्थियों को शैक्षिक अनुभव बताए। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने बड़े भाई, बहनों के लिए अनेक प्रकार के गेम डांस एवं गाना द्वारा मनोरंजन कराया। इस अवसर पर उमेश कुमार शर्मा, ग्वाल राम दर्रेन्द्र, टिकेश कुमार साहू, लोमन कुमार चंद्राकर, उत्तम कुमार देवांगन, बलीराम निषाद, जैन्त्री नुरुटी, पोमेश्वरी साहू, सावित्री नरेटी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजन

# बांगाचार एवं पाऊरखेड़ा में महिलाओं के आर्थिक विकास को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बांगाचार एवं पाऊरखेड़ा ग्राम पंचायत में आजीवन गतिविधि को प्रोत्साहित एवं साथ ही उनकी आजीविका करने के लिए समूह के दीदियों को आजीविका करने के लिए चर्चा किया गया, जिसमे वृहद पैमाने में गतिविधि को बढ़ावा दिए जाने पर चर्चा हुआ। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं की आर्थिक विकास को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को समूह की गतिविधियों एवं योजनाओं पर जोड़ने एवं कार्य करने की बातों का विस्तार से चर्चा की गई और उनके आर्थिक विकास एवं आय को बढ़ाने के संबंध में बताया गया। वहीं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से विभिन्न व्यवसाय को करने की बात कही गई। साथ ही साथ कृषि मित्र, पशु सखी, सक्रिय महिला की भी समीक्षा लिया गया, जिसमे ज़िला पंचायत से एपीओ युवराज सलाम, डीपीएम घनश्याम बैस, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, बीपीएम नंदनी दीवान, एबीएफ प्रीती गंजीर, स्वेता बघेल और समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।





